संक्षिप्त

6 उपप्रधान निर्विरोध निर्वाचित

लालसोट। भारत स्काउट गाइड संगठन के आधा दर्जन उप प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सोमावर को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के चुनाव नतीजे घोषित किए गए। जिसमें 5 वर्षों के लिए होने वाले चुनावों में 6 उप प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए । इन उप प्रधानो के विधानसभा चुनावों के कारण देरी से हुई एव निर्वाचन की घोषणा स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा द्वारा की गई। सभी 6 उपप्रधान अगर संघ के नियमानुसार मीटिंग और विधान अनुसार कार्य करते रहेंगे तो अगले पांच वर्षा तक बने रहेंगे । स्काउट गाइड के सचिव श्रीकांत शर्मा ने बताया कि पिंकी चतुर्वेदी बिनोरी, शंभू लाल कुईवाला, डॉ भरत शर्मा, धर्मेंद्र चोपड़ा, राकेश शर्मा सेडुलाई , ओम प्रकाश चतुर्वेदी निर्विरोध राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ लालसोट के उपप्रधान निर्वाचित हुए है ।

सोलंकी ने हार स्वीकारी

चाकसू(निस) सोमवार को पूर्व विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी वेद प्रकाश सोलंकी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर 2023 विधानसभा चुनाव में हार स्वीकार करते हुए नवनिर्वाचित विधायक रामावतार बैरवा को बधाई देते हुए बैरवा के प्रति आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को पूरे करने समेत अन्य विकास योजनाओं को क्षेत्र मैं लाकर अभूतपूर्व गति प्रदान करेंगे। इस दौरान उन्होंने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि इस चुनाव में जो भी कमियां उनकी तरफ़ से रही उसमे सुधार किया जाएगा और हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी ओर फिर से एक नए जोश व उमंग से क्षेत्र के विकास में पूरी मेहनत की जाएगी ।

सरपंच का पद रिक्त घोषित

टोंक। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देशलदान ने पंचायत समिति मालपुरा की ग्राम पंचायत पचेवर की सरपंच प्रेम देवी की मृत्यु होने के कारण पद को रिक्त घोषित किया है।

मंत्री परसादी का जितना बड़ा कद रहा उतनी ही बड़ी मिली शिकस्त

- भाजपा के रामविलास मीणा चुनाव जीते,
- कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांट आतिशबाजी की

लालसोट रामगढ़ पचवारा। विधानसभा क्षेत्र लालसोट में कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री परसादी लाल मीणा का जितना बड़ा सरकार में दबदबा रहा एवं जितना बड़ा ओहदा रहा उतनी ही बड़ी मत भाजपा के रामविलास मीणा द्वारा कांठोस प्रत्याशी को दी गई।

लालसोट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को 1 लाख 20 हजार 962 मत प्राप्त हुए एवं कांठोस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा को 73 हजार 894 मत प्राप्त हुए ऐसे में भाजपा प्रत्याशी 47 हजार 68 मतों से विजयी रहे। कांठोस प्रत्याशी के रुतबे एवं लगातार क्षेत्र में बड़ी पकड़ के साथ प्रभावशाली होने का दम भरने वाले कार्यकर्ताओं ने जब लालसोट विधानसभा क्षेत्र के चुनावी नतीजा सुन तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पहली बात तो कांठोस के कार्यकर्ता कांठोस प्रत्याशी मंत्री परसादी लाल मीणा की जीत को लेकर आश्वास्त थे एवं कम अंतर पर जीत के दावे ठोक रहे थे। जहां रविवार को मतगणना में दोपहर बाद जो परिणाम आए वह बड़े चौंकाने वाले थे। भाजपा के प्रत्याशी रामविलास मीणा द्वारा कांठोस प्रत्याशी मंत्री परसादी लाल मीणा से एक बार हार का मुंह जरूर देखना पड़ा लेकिन दूसरी बार लालसोट

लालसोट विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक रामविलास मीणा का घर पहुंचने पर उनकी माता जी ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

विधानसभा से मंत्री परसादी के खिलाफ लड़ा हुआ चुनाव जीतकर लालसोट विधानसभा क्षेत्र में अब तक मिली भाजपा की हार का पूरा हिसाब किताब कर लिया।

पिछले चुनाव में हार का मुंह देख चुके भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा द्वारा इस बार चुनाव बड़ी सोची समझी राजनीति एवं समीकरण के तहत लड़ा गया जिसका नतीजा रहा कि क्षेत्र में बड़े होने का एवं खुद के प्रभाव का दमखम रखने वाले कांठोस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा को 47 हजार से भी ज्यादा से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी से करारी शिकस्त खानी पड़ी। भाजपा प्रत्याशी रामविलास मीणा के सामने कांठोस प्रत्याशी मंत्री परसादी लाल मीना ज्यादातर बूथों से हार का मुंह देखना पड़ा है। लालसोट विधानसभा क्षेत्र ही नहीं अपितु दौसा जिले में इतने भारी मतों से जीतने का पहला रिकॉर्ड जिले में भाजपा के रामविलास मीणा ने कायम किया है चर्चा है कि आगामी समय में जीत का यह यह रिकॉर्ड किसी से टूट पाएगा इसकी कोई गारंटी नहीं है।

वहीं भाजपा की जीत का जश्न कस्बे गांव धनिया समेत जगह-जगह पर आतिशबाजी कर मिठाइयां बाटकर सेल सेलीब्रेट किया जा रहा है। भाजपा से नव निर्वाचित विधायक का उनके घर पहुंचने पर उनकी माताजी द्वारा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया साथ ही भाजपा प्रत्याशी रामबिलास मीणा के विधायक पद के जीत के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचने पर सैकड़ो जगह पर गर्म जोशी से कार्यकर्ताओं आम लोगों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया।

मनीष पारीक का स्वागत

पावटा। प्रागपुरा कस्बा निवासी मनीष पारीक पुत्र संतोष पारीक का रक्षा मंत्रालय में सहायक वैज्ञानिक के पद पर चयन होने पर पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल के द्वारा माला एवं साफा व दुपट्टा पहना एवम मिठाई खिला कर समान व स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने कहाँ कि मनीष पारीक ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही मनीष पारीक ने इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनो को दिया।

इस अवसर पर आगंतुक सभी स्थानीय निवासियों ने मनीष पारीक का मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। इस समान समारोह के दौरान भाजपा नेता कैलाश ताखर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह शेखावत, भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार शर्मा, जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अंजनी कुमार शर्मा, इंद्राज जांगिड, पप्पू स्वामी, राजेश गोयल, शंकर शर्मा, संतोष पारीक, हंसराज पारीक, सतीश पारीक, जयराम पारीक, शशि पारीक, रवि पारीक, हरिराम स्वामी, प्रदीप गोयल, श्यामसुंदर शर्मा, संतोष खंडेलवाल, शक्ति सिंह शेखावत, बलराम यादव, ओम प्रकाश चावला, महेश धानका, बिल्लू पारीक, टिंकू चावला, महावीर चावला सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

भाजपा की जीत पर मंदिरों में चढ़ाएं श्रीफल

निवाई। उपखंड क्षेत्र के गांव रजवास में सोमवार को भाजपा विधायक रामसहाय वर्मा की जीत व राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर गांव के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव के सभी मंदिरों में श्रीफल भेंट किया गया। भाजपा नटवाड़ा मंडल मंत्री भगवान सहाय चौधरी ने बताया कि निवाई .पीपलू विधानसभा में भाजपा विधायक रामसहाय वर्मा निर्वाचित होने व प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर गांव के सभी मंदिरों में श्रीफल भेंट किया गया। उन्होंने बताया कि अच्छी सरकार की कामनाओं के साथ गांव के रामसनेही संप्रदाय के रामद्वारा, मुरली मनोहर मंदिर, बंसी वाले मंदिर ,तेजाजी मंदिर, लक्ष्मीनाथ जी मंदिर, गोपाल जी मंदिर आदि में श्रीफल भेंट किया गया।

टोंक के दो अधिवक्ताओं ने किया पत्र वाचन

टोंक। विश्व विकलांगता दिवस पर सामाजिक सशक्तिकरण बहुउद्देशीय संस्था वर्धा, महाराष्ट्र एवं राष्ट्र संत तुकड़ो जी महाराज नागपुर विद्यापीठ के संयुक्त तत्त्वावधान में ''दिव्यांगों का सशक्तिकरण चुनौतियां एवं संभावनाएं- भारत के वर्तमान अतीत और भविष्य के संबंध में'' मुख्य विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन डॉ. अंबेडकर कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, वर्धा महाराष्ट्र में किया गया।

इस राष्ट्रीय सेमिनार में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला अभिभाषक संघ टोंक के दो अधिवक्ताओं डॉ. अभिषेक शर्मा एवं पुष्पा शर्मा ने विधि शोधार्थी के रूप में पत्र वाचन किया। राष्ट्रीय सेमिनार में पुष्पा शर्मा द्वारा चौलेंजेस एंड पॉसिबिलिटीज इन एम्पावरमेंट ऑफ स्पेशली अबल्ड वीमेन इन इंडियन लॉ विषय पर तथा डॉ. अभिषेक ने भारतीय न्याय व्यवस्था में दिव्यांग उद्धार- राजस्थान के संदर्भ में अपना रिसर्च पत्र प्रस्तुत कर गूगल मीट पर पत्र वाचन किया। दोनों अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पत्र वाचन कर टोंक जिले का नाम रोशन कर राष्ट्रीय स्तर पर टोंक की पहचान स्थापित की है। आज सुबह जिला अभिभाषक संघ टोंक के अधिवक्ताओं ने डॉ. अभिषेक शर्मा एवं पुष्पा शर्मा को बधाईयां दी, इस दौरान जिनमे प्रशांत अग्रवाल फिरोज अहमद, महेश कुमार पंडा, बसी अहमद,साहिल खान, दीपांशुमिश्रा, शहीर खान,लोकेश बारेठ,ओम प्रकाश, मनोज गुप्ता, बनवारी शर्मा, श्याम विजय,योगेश व्यास आदि सम्मिलित रहे।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रं: जविप्रा/उपा./जोन-7/2023/डी-2080 दि. : 4.12.2023
आम-सूचना
राधे कृष्णा इन्फ्रावेल एल.एल.पी. पता- मकान नं. 5, विजयबाडी पथ नं.-3, तीन दुकान ढेहर का बालाजी, जयपुर द्वारा ग्राम हीरापुरा तहसील व जिला जयपुर के खसरा नं. 212/225 के उपविभाजित खसरा नं. 224/212, 222/212, 226/212 एवं 225/212 रकबा 03 बीघा 14 बिस्वा भूमि का आवासीय एकल पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। ग्राम हीरापुरा तहसील व जिला जयपुर के खसरा नं. 212/225 के उपविभाजित खसरा नं. 224/212, 222/212, 226/212 एवं 225/212 रकबा 03 बीघा 14 बिस्वा भूमि में से जविप्रा द्वारा अनुमोदित योजना टैगोर नगर के आवासीय भूखण्ड 386 आंशिक, 387, 370 आंशिक, 372 आंशिक, 418, 419, 420, 422, 423, 424, 425, 426, 427, 428, 429, 430, 431, 432, 433, 389 आंशिक, 398 आंशिक, 399, 400, 401, 402 आंशिक एवं योजना की आन्तरिक सड़कों को विलोपन करने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था व हितधारी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन की तिथी से 7 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर-219 में दर्ज करावें। 07 दिवस की अवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेंगी।
उपायुक्त जोन-7 जविप्रा जयपुर

आम सूचना ग्राम सीतापुर, तहसील विराटनगर, जिला जयपुर के खसरा नम्बर 3431 रकबा 8.51 हैक्टेयर में से 3/8 दर हिस्सा 7/36 की खातेदारी आशा देवी, मन्जू देवी व अनीता देवी पुत्रियाँ बाबूलाल जाति महाजन के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी जिसे उनकी माता बरफी देवी पत्नी बाबूलाल द्वारा नोटरी से प्रमाणित मुख्यारनामा आम दिनांक 17.01.2013 के माध्यम से श्री गणेशम बिल्ड डवलपर्स प्रा.लि.को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 15.07.2023 विक्रय किया गया तथा तदउपरांत श्री गणेशम बिल्ड डवलपर्स प्रा.लि.द्वारा उक्त खसरे में अपने भाग में से 1.8242 हैक्टेयर भूमि श्री रामराघव इको मिल्स प्रा.लि.पंजीकृत कार्यालय बी-1, तुलसीदास की बगीची, जनता कॉलोनी रोड, जयपुर को विक्रय की गई है। श्री रामराघव इको मिल्स प्रा.लि.द्वारा मेरी अभिभाष्य आईसीआईसीआई बैंक के समक्ष ऋण प्राप्ती हेतु आवेदन किया गया है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संदर्भ में किसी भी तथ्य को लेकर किसी को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस में मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत होकर अपना लिखित जवाब/पक्ष पेश करें। बाद गुजरने मियाद मेरी अभिभाष्या द्वारा उपरोक्त संपत्ति पर अपने ग्राहक श्री रामराघव इको मिल्स प्रा.लि. को ऋण सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी। किसी भी व्यक्ति आदि द्वारा मियाद के बाद की गई आपत्ति सीरे से खारीज कर दी जायेगी एवं आपत्तिकर्ता को मेरी अभिभाष्या के विरूद्ध कोई कार्यवाही करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
दिनांक-2.12.2023 दीपक सोनी, एडवोकेट, 8766622266
516, सोनी पैरिस पॉइन्ट, सैशन कोर्ट के सामने, बनीपार्क, जयपुर 302016

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 307/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम 1. प्यारे लाल झुरिया पुत्र श्री सांवलराम झुरिया, 2. पतासी देवी पत्नी श्री प्यारेलाल झुरिया वार्ड नं.5, घोडीवारा खुर्द, झुंझुनूं (राज.)
विवाद स्थल फ्लैट नं.3, विनायक विलास बिल्डिंग, गुलमोहर लेन, सिरसी रोड, जयपुर राजस्थान
मृतक विजय कुमार झुरिया की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 06.12.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम विजय कुमार झुरिया पुत्र श्री प्यारेलाल झुरिया निवासी फ्लैट नं.3, विनायक विलास बिल्डिंग, गुलमोहर लेन, सिरसी रोड, जयपुर राजस्थान का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 06 माह 12 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 04 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

विवाह सम्मेलन 24 फरवरी

कोटपूतली। सेवा भारती समिति कोटपूतली की बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण भूषण की अध्यक्षता में कस्बा स्थित बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। जयपुर प्रान्त के सह मंत्री महेश गोयल ने बताया कि बैठक में समिति के कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वसम्मत्ति से 24 फरवरी 2024 शनिवार डांडा रोपणी को पंचम श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिला मंत्री महेश सैनी ने बताया कि विवाह सम्मेलन के लिए दो जोड़ों का पंजीकरण भी हो चुका है। बैठक में विवाह सम्मेलन में होने वाले कार्यकर्मों को लेकर चर्चा की गई। विवाह सम्मलेन को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक जोड़ों का पंजीकरण करवाये। पंजीकरण हेतु बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में समिति का कार्यालय बनाया गया है।

सिंघवी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

चाकसू (निस) सोमवार को भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक एवं पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार प्रताप सिंह सिंघवी का एक निजी कार्य के चलते टोंक रोड से गुजरने के दौरान रामाज रिसोर्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं रिसोर्ट संचालक द्वारा माला और साफ़ा बंधवाकर भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर रामाज रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर और कोथुन से प्रधान बद्रीनारायणचौधरी, सुरेंद्र चौधरी, दयाराम , मायाराम, हेमराज, रामेश्वर, रमेश, बजरंग लाल चौधरी आदि ने बारां के छबडा से नवनिर्वाचित विधायक प्रताप सिंह सिंघवी और उनके सुपुत्र हर्ष सिंहवी और माताजी का भव्य स्वागत

विधायक प्रताप सिंह सिंघवी (बीच में) का भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक निजी रिसोर्ट में स्वागत किया।

किया।इस मौके पर मोहित टेलर ने रामाज रिसोर्ट विजिट करवाई। सिंहवी ने रिसोर्ट के भोजन की काफ़ी तारीफ़ की और वही बन रहे नवीन रिसोर्ट बनाने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी ।

खोया पाया
मेरे फ्लैट संख्या E/Ka/54/16, कृष्णा अपार्टमेंट सेक्टर-28 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गिर/गुम हो गया है- कमलकांत 9829767422

पावटा में सफाई व्यवस्था चरमराई नाली की बदबू से लोग परेशान

- बार-बार शिकायत करने के बाद भी उचित शिकायत नहीं

पावटा। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। जगह-जगह नाली का जाम होना कचरा जमा रहना आम बात हो गई है। बार-बार शिकायत करने के बाद नाली से जाम गंदगी कचरा निकाला तो जाता है पर उसे वहीं सडक पर ही छोड देते।

एजेंसी के कर्मचारी सफाई जरूर कर रहे हैं, लेकिन दिल से नहीं। इसमें खामियां बरती जा रही है। नालियों से कचरा तो निकाला जा रहा है, उसको उठाने की बजाय किनारों पर ही डाला जा रहा है। गंदगी से उठने वाली बदबू से लोग खासे परेशान रहते हैं। वार्डवासियों द्वारा लगातार विरोध दर्ज किए जाने के बाद भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है ना ही नगरपालिका ईओ द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। कोई भी जिमेदार व्यक्ति जिमेदारी उठाने को तैयार नहीं है।

नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के पावटा कस्बे के वार्ड ऋमांक-7 वार्ड पार्षद शहनाज बानो सहित फिरोज खान, दयाराम वर्मा, मनोज टेपण ,अलमुदीन, कमल वर्मा, शकील खान सहित वार्डवासियों ने बताया कि मस्जिद के पास नालियों की साफ-सफाई नहीं होने की शिकायत आम बात हो गई है। लोगों द्वारा लगातार इस बात को ध्यान में लाने के बाद भी नालियों की सफाई नहीं हो पाती। सालों से नालियों में दवा का छिडकाव नहीं होने से मच्छर बडी तादाद में पनप रहे हैं। जिस वार्ड में अधिक शिकायत हो उसी वार्ड में ही सफाई कर्मियों को भेजा जाता है। जहाँ सफाई कर्मियों द्वारा सफाई तो कर दी जाती है लेकिन समय से नाली से निकाले हुए कचरे का उठाव नही होने पर वह सडक पर फैल जाता है व कीचड फैल जाता है जिससे आने जाने वाले लोगों व स्कूल जाने वाले बच्चो को परेशानी का सामना करना पडता है। वही इस कचरे से मच्चछर पनपते है जिससे बिमारियाँ फैलने का अंदेशा बना रहता है। जिसकी वजह से हमें जनता के बीच निरुत्तर होना पडता है। नगरपालिका में जनप्रतिनिधियों का दबाव नहीं रहा ऐसा प्रतीत होता है।

कलशयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। निकटवर्ती गांव अलियाबाद में श्रीमद् भागवत कथा व गंगोत्सव के आयोजन को लेकर विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। कलशयात्रा को पण्डित मुकेश शास्त्री के सानिध्य में श्री गोपालेश्वर महादेव मन्दिर से पूजा-अर्चना करके रवाना किया गया। जिसमें 51 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर बैण्डबाजे के साथ रवाना हुई। इस दौरान बैण्डबाजे के मधुर भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर ठुमके लगाए। कलशयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलशयात्रा श्री गोपालेश्वर के मन्दिर से रवाना होते हुए गांव के मुख्य मार्गो से कथा स्थल ठाकुरजी के मंदिर पहुंची। जहां विद्धावान पण्डितों के सानिध्य में मंत्रोचरण के साथ कई अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया।

समाज सेवा में स्काउट गाइड अग्रणी : हरिनारायण मीणा

- मतदाता बूथों पर स्काउट की सेवाएं प्रशंसनीय

टोंक। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा योगेश मूक बधिर विद्यालय निवाई में सामुदायिक विकास सेमिनार आयोजित किया गया।

सेमिनार में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निवाई हरिनारायण मीणा ने कहा कि सामुदायिक सेवा समाज सेवा में स्काउट गाइड अग्रणी है। उन्होंने मतदाता जागरूकता तथा पोलिंग बूथ पर स्काउट गाइड वालंटियर की सेवाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था निदेशक सीताराम स्वामी ने स्काउट गाइड के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ दिव्यांग कल्याण के विभिन्न कार्यो की जानकारी दी। स्काउट कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, गिरिराज प्रसाद गुर्जर, हनुमान चौधरी, हिमांशु सोगानी जिला कमिश्नर ट्रेनर स्मृति त्यागी ने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण, गतिविधियों की जानकारी दी। सीओ स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग ने लक्ष्मी मजूमदार अवार्ड, उपराष्ट्रपति अवार्ड शील्ड, प्रधानमंत्री अवार्ड शील्ड, राज्य पुरस्कार, राष्ट्रपति अवार्ड की विस्तृत जानकारी दी। सीओ गाइड आचू मीना, स्थानीय संघ सचिव बनवारी लाल बैरवा, विष्णुकांत शर्मा, गजेंद्र सिंह चौधरी, द्वारका प्रसाद प्रजापत, ममता राम मीणा, शंकर लाल सैनी, नरेश कुमार वर्मा, धीरज सिंह, सत्य सुंदर, सावित्री गौतम, डॉ. राजू देवी, अलका शर्मा सहित ट्रेनिंग काउंसलर, स्काउटर, गाइडर ने सामुदायिक सेवा समाज सेवा के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी।

आम सूचना मैं आनंद कुमार शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा M/s Power X Infra का मैं भागीदार हूं जो कि ये फर्म पार्टनरशिप एक्ट 1932 में रजिस्टर्ड है जिसका Reg.No.-RF/SIK/2021/3428 है श्रीमान मुरारी लाल शर्मा जो इस Firm में Partner है वह 01.04.2023 से रिटायरमेंट हो रहे है जिनका ईश फर्म से रिटायरमेंट होने का नोटिस दिया गया एवं भागीदारी अभिलेख (Partnership Deed) लिखी गयी और श्रीमान लालचंद जी दिनांक 01.04.2023 से इस Firm में पार्टनर एडमिट हो रहे हैं पार्टनर श्रीमान मुरारी लाल जी शर्मा का 01.04.2023 के बाद इस Firm में कोई लेना-देना नहीं है इस Firm की संपत्ति में मुरारी लाल जी का अधिकार नहीं है।
Chhaju Ram Sharma, Advocate
R/426/2010, Mobile: 9413966670

NAME CHANGE
I have changed my name from Pushpa Gohlyan to Pushpa Devi Golyan W/o Prem Kumar Golyan for all purpose. R/o 412 Dwarika Tower A-12 central spine vidhyadhar nagar Jaipur Raj.
I Gopendra Singh Yadav S/o Laxman Singh resident of RIDDU NAGAR A, Niwaru Road, JHOTWARA JAIPUR has changed my name to Gopendra Singh for all future purposes.
In my PPO account, my name Madhu Poplee is mentioned and My Original Name mentioned in My Aadhar and other docs. is Madhu Popli. I should be known as Madhu Popli, W/o Late Shri Mahesh Chandra Poplee R/o B4/176, Chitrakoot Jaipur
I army no 470049F Ex sub chandar pal Singh S/O Raghubir singh R /O village post banethi teh kotputli dist.jaipur have changed my son name NIKHIL To NIKHIL TANWAR (DOB 3/2/2006) & Daughters name From NISHA(19/3/2002) To NISHA TANWAR (DOB 19/10/2003) and RUPALI TO RUPALI TANWAR (DOB 30/9/2004) vide affidavit dated 2 dec.2023 before district notary Jaipur
I army no 15493113M Ex SWR Abdul Jabbar Khan S/O umeed khan is wrong entered in service record To UMMED KHAN vide affidavit dated 22 nov 2023 before district notary Jaipur

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
ई- निविदा सूचना
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **(1) कार्य का नाम:** टेण्डर नं. EL/C/TRD/JP/T04/23 उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के खाटूवास-नारनोल खंड के बीच 2x25 केवी एसी ए सी हाई राइज ओएचई और संबद्ध संशोधन कार्यों की डिज़ाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग खाटूवास -नारनोल दोहरीकरण कार्य के संबंध में। **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 211762123.63/- **(3) बयाना राशि जो जमा करनी है:** ₹ 1208800.00/- **(4) निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** दिनांक 29.12.2023 समय 15.00 बजे तक, दिनांक 29.12.2023 समय 15.30 बजे **(5) उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता:** www.ireps.gov.in
1236-DP/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आय-व्यय को लेकर बैठक

पीपलू। जांगिड समाज के तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर कस्बे के श्री विश्वकर्मा मंदिर में तहसील सभा अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान प्रसाद जांगिड रानोली व सम्मेलन अध्यक्ष शंकरलाल जांगिड़ बनवाड़ा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड पीपलू ने बताया कि बैठक में 27 नवंबर को हुए तृतीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय व्यय का ब्योरा दिया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिती द्वारा रविवार को टेन्ट, हलवाई, साउंड, डेकोरेशन, स्टुडियो, पण्डित, सांधनो का किराया भाड़ा का पेमेंट दिया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष जगन्नाथ जांगिड झिराणा, महामंत्री केदार पीपलू, ओमप्रकाश बगडी, जगदीश, भंवरलाल, सीताराम, मखन व लखन सहित कई लोग मौजूद थे।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

दौसा में कांग्रेस की पांच जगहों से 4 सीटों पर प्रत्याशी खुद की कार्यशैली से हारे

ओम प्रकाश

गजराज

परसादी लाल मीणा

ममता भूपेश

- दौसा सीट से मुरारी जीतने में रहे कामयाब

दौसा। जिले की बांदीकुई लालसोट सिकराय महुआ दौसा विधानसभा क्षेत्र से खुद की कार्यशैली एवं लोगों से प्रतिकूल व्यवहार एवं अन्य कारणों के चलते बांदीकुई लालसोट सिकराय महुआ से विधानसभा चुनाव में कांठोस प्रत्याशियों को मुंह की खानी पड़ी है।

इनमें से केवल दोसा विधानसभा क्षेत्र से कांठोस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा जीत कर आए है। वहीं कांठोस के चार विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्यैाशियों की हार मतदाताओं से सही व्यवहार नहीं होना एवं खुद की कार्यशैली को लेकर मतदाताओं द्वारा बताया जा रहा है। विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद परिणाम आने से सबसे ज्यादा चौंकाने वाले नतीजे लालसोट विधानसभा क्षेत्र में आए जहां अनुसूचित जनजाति में कांठोस पार्टी के दिग्गज एवं मुख्यमंत्री के सबसे बेहद करीबी माने जाने वाले कांठोस सरकार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं आबकारी जैसे प्रमुख महकमें के मंत्री रहे परसादी लाल मीणा की हार पूरे जिले की पांचो विधानसभा क्षेत्र में सबसे चौंकाने वाली रही है। इसी तरह सिकराय विधानसभा क्षेत्र से कांठोस सरकार में अनुसूचित जनजाति के तौर पर प्रमुख नेता के तौर पर गिनी जाने वाली कांठोस सरकार में महिला बाल विकास मंत्री रही ममता भूपेश की कार्यशैली एवं व्यवहार बेहतर नहीं होने के कारण मतदाताओं द्वारा उनको नकारा गया एवं नवयुवक विक्रम बंसीवाल को सिकराय विधानसभा क्षेत्र के कमान सौंप दी गई।

इसी तरह महुआ में दो बार विधायक रह चुके ओमप्रकाश हुडला का भी कार्यकाल इस बार मतदाताओं को रास नहीं आया उनके रोज सोशल मीडिया पर नित्य नए मामलो को देखकर मतदाता खासे नाराज रहे एवं विकास की तरफ ध्यान देने की बजाय ज्यादातर राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा एवं उनके पक्षधरों पर निगाह रखना हुडला के हारने की वजह बताई गई। राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडी लाल मीणा की रणनीति से उनके भतीजे राजेंद्र मीणा ने महुआ विधानसभा क्षेत्र फतेह कर लिया। इसी तरह जा बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र में चुनावी समीकरण को टटोला गया तो सामने आया कि कांठोस प्रत्याशी गजराज खटाना की कम सक्रियता एवं मतदाताओं से संवाद हीनता सहित पिछले चुनाव में किए गए वादे पूरा नहीं करना खटाना की हार का कारण बना। वही दोसा विधानसभा क्षेत्र में मुरारीलाल मीणा का सक्रिय रहना एवं भाजपा के प्रत्याशी का कमजोर होने के साथ जातिगत समीकरणों के चलते दोसा विधानसभा क्षेत्र से मुरारीलाल मीणा ने जीत दर्ज कर ली।

वकीलों ने बांटी मिठाई

कोटपूतली। विधानसभा चुनाव में कोटपूतली से भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल की जीत को लेकर स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा मिठाईयां बांट कर हर्ष व्यक्त किया गया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंग्टन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल आईडी-sardeep.rathore@idfcbank.com
IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-ए
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 22.12.2023 को ''जहाँ है जैसी है'' ''जो कुछ है यह है'' तथा ''जो कुछ है वहाँ है'' के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड) के खाता संख्या 18831931, 8522199 में 19.04.2022 को बकाया रूपये 11,88,035.33/- की नित्यानंद पांडे, शिवाजी पांडे, दुर्गावती पांडे, नित्यानंद पांडे (द्वारा उमराव पालीमर्स) ऋण ग्रहित(ओं) एवं सह-ऋणग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

ऑक्शन स्टेट्स

आरक्षित मूल्य	रुपये 728,000/-
बयाना राशि जो जमा होगी	रुपये 72,800/-
बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि	21.12.2023 को सायं 5.00 तक
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	15.12.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक
नीलामी की तिथि	22.12.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक
सम्पत्ति का विवरण	फ्लैट नं. 404, क्षेत्रफल 700 वर्ग फिट, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. ए-71, रॉयल सिटी, ग्राम माचवा, कलवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-रोड 40 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. ए-851, उत्तर-प्लाट नं.ए-72, दक्षिण-प्लाट नं. ए-70

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।
स्थान - जयपुर
दिनांक- 04.12.2023
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)